आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 27.04.2026    समय: 02.10PM

## विधानसभा विशेष सत्र

राज्य विधानसभा का एकदिवसीय विशेष सत्र चल रहा है। इसमें 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के तहत परिसीमन के आधार पर महिलाओं को 33% आरक्षण देने का संकल्प पेश किया गया। अधिनियम पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों हंगामा करते हुए सदन से वॉकआउट भी किया। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि लोकसभा में संशोधन अधिनियम के पारित नहीं होने से देश की महिलाओं को बड़ा झटका लगा है। महिलाओं को उम्मीद थी कि उनकी राजनीतिक आकांक्षाओं को पंख मिलेंगे, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष ने उनकी उम्मीदों को तोड़ दिया। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आज मोहिनी एकादशी है, और इस संकल्प का विरोध करने वाले भस्मासुर की तरह भस्म हो जाएंगे। विशेष सत्र में दिवंगत गायिका आशा भोंसले सहित पूर्व जनप्रतिनिधियों और नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। सत्र से पहले मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि संसद में पेश 'नारी शक्ति वंदन' संशोधन अधिनियम महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण प्रयास था...

## भाजपा-आप राज्यसभा सांसद

राज्यसभा में भाजपा के सांसदों की संख्या बढ़कर कुल 113 हो गई है। संसदीय कार्य मंत्री

किरेन रिजिजू ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी से दलबदल करने वाले सात सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है। इन सांसदों में राघव चड्ढा, डॉ. अशोक कुमार मित्तल, संदीप पाठक, स्वाति मालीवाल और हरभजन सिंह शामिल हैं। विलय के बाद सदन में आम आदमी पार्टी के सांसदों की संख्या घटकर तीन रह गई है।

श्री रिजिजू ने भाजपा में इन सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

मौसम

प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। तेज गर्मी के बीच कई इलाकों में हल्की बारिश देखने को मिली है। इंदौर जिले के मऊ में शाम के समय बारिश हुई। वहीं भोपाल के भी कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। राजगढ़, सीहोर, रतलाम क्षेत्र में भी कुछ देर बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। लेकिन बारिश थमने के साथ ही अचानक उमस बढ़ गई, जिससे लोग पसीने में तरबतर हो गए। रविवार को भोपाल में दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस साल का सर्वाधिक तापमान है। इसके अलावा छतरपुर जिले के खजुराहो में सर्वाधिक 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। सागर और नर्मदपुरम में 44.4, दमोह में 44.2, इसके साथ बताशा ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच दर्ज किया गया।

बाल पुरस्कार - नामांकन

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

नामांकन प्रक्रिया इस वर्ष 31 जुलाई तक 5 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है जो प्रतिवर्ष राष्ट्रपति द्वारा देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी जैसी श्रेणियों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है।

नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल WWW.awards.gov.in के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। स्व-नामांकन और पुरस्कारों के लिए अनुशंसा पर विचार किया जाएगा।

प्रदेश खेल

मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी की रोइंग खिलाड़ियों ने दक्षिण कोरिया में आयोजित एशिया कप रोइंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में दिलजोत कौर एवं पूनम ने बेहतरीन तालमेल, तकनीक और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। दोनों खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर देश एवं प्रदेश का मान बढ़ाया।

संक्षिप्त समाचार

- रतलाम कलेक्टर मिशा सिंह निर्देशों पर अब किसानों के खेत से पराली का भूसा बना कर गौशाला में पहुंचाने की कार्ययोजना पर कार्यवाही की जा रही है।
- छतरपुर में मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आज रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।
- मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, म.प्र. संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग तथा आयुक्त, संचालनालय पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में उर्दू लोकगायन अखिल भारतीय चारबैत समारोह समापन कल हुआ।